अपने आप को व्हूपिंग कफ (काली खाँसी) के नि:शुल्क टीके से सुरक्षित करके अपने शिशु को सुरक्षित करें

विक्टोरियाई निवासियों के लिए जानकारी

Hindi

1 जून 2015 से नि:शुल्क टीके के लिए कौन पात्र है?

- गर्भवती महिलाएँ अपनी तीसरी तिमाही में (28 सप्ताह से अधिक) और उनके पार्टनर (सहजीवी) (जो शिशु के साथ रहते हैं या जिनका शिशु से नियमित संपर्क होगा)
- उन नवजात शिशुओं के माता-पिता (जिनमें दत्तक और पालक [फॉस्टर] अभिभावक भी शामिल हैं) जिनका जन्म 1 जून 2015 को या इसके बाद हुआ हो, (शिशु के छ: महीने की आयु के होने से पहले)।

व्हूपिंग कफ क्या है?

व्हूपिंग कफ जिसे पर्टुसिस के नाम से भी जाना जाता है, एक अत्यधित संक्रामक रोग है जिससे गंभीर व लगातार खाँसी हो सकती है। छोटे शिशुओं में लंबे समय तक रहने वाली खाँसी के बाद अक्सर साँस लेने में असक्षम होने और/या उल्टियाँ आने की घटनाएँ होती हैं। खाँसी के बाद "व्हूपिंग [हू हू करने]" जैसी आवाज़ आ सकती है क्योंकि शिशु को हवा अंदर खींचने में मुश्किल होगी। व्हूपिंग कफ किसी संक्रमित व्यक्ति के खाँसने या छींकने से होने वाले संक्रमण से फैलती है।

इसके फलस्वरूप गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं जैसे कि निमोनिया, ऐंठन या मरोड़, बेहोशी की हालत (कोमा), और मस्तिष्क व फेफड़ों में स्थायी रूप से क्षति।

व्हूपिंग कफ छ: महीने से कम आयु वाले शिशुओं में सबसे अधिक गंभीर होती है। वे विशेष रूप से संक्रमण के प्रति असुरक्षित होते हैं और उनकी छ: महीने की टीकाकरण सारणी के पूरा न होने तक वे व्हूपिंग कफ से पूरी तरह से सुरक्षित नहीं होते हैं।

अस्पताल में भर्ती किए जाने की और मृत्यु की अधिकांश घटनाएँ छ: महीने से कम की आयु वाले शिशुओं में होती हैं। कुछ शिशु मस्तिष्क व फेफड़ों में हुई क्षति के कारण स्थायी विकलांगता से ग्रस्त होंगे।

छ: महीने से कम की आयु वाले व्हूपिंग कफ से ग्रस्त होने वाले प्रत्येक 200 शिशुओं में से लगभग 1 शिशु की मृत्यु हो जाती है।

मुझे टीका क्यों लगवाना चाहिए?

आपको अपने शिशु को व्हूपिंग कफ से सुरक्षित करने के लिए टीका लगवाना चाहिए। व्हूपिंग कफ का समुदाय में फैलना जारी है। भले ही जब आप शिशु थे और आपको टीका लगा था, परन्तु हो सकता है कि अब आप सुरक्षित न हो; टीके (या व्हूपिंग कफ से पहले हो चुके संक्रमण) द्वारा प्रदान की गई प्रतिरक्षा समय के साथ कम होती जाती है।

मुझे टीका कब लगवाना चाहिए?

गर्भवती महिलाओं को अपनी हर गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में टीका लगवाना चाहिए। टीका लगवाने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला अपने आप को सुरक्षित करती है और प्लेसेंटा (गर्भनाल) के माध्यम से सुरक्षित एंटीबॉडिज़ (रोग-प्रतिकारकों) को अपने शिशु तक पहुँचाती है। इसका अर्थ यह है कि जन्म लेने वाले शिशु में व्हूपिंग कफ के प्रति कुछ इम्युनिटी (रोगक्षमता) होती है। इस कारण हर गर्भवती महिला को यह टीका लगवाने की सलाह दी जाती है, भले ही पिछली बार उस महिला को टीका कभी भी लाअ हो और यह नि:शुल्क भी है। अनुसंधान दर्शाता है कि शिशु को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रदान करने के लिए तीसरी तिमाही टीका लगवाने का सबसे अच्छा समय होता है।

गर्भवती महिलाओं के पार्टनर (सहजीवी), जिन्हें पिछले 10 वर्षों में टीका न लगा हो उन्हें टीका उस समय लगवाना चाहिए जब उनकी पार्टनर (सहजीवी) तीसरी तिमाही में हो, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनमें अपने शिशु के जन्म से पहले प्रतिरक्षा विकसित हो गई हो। टीके को काम करने में दो सप्ताहों का समय लगता है।

नवजात शिशुओं के माता-पिता को यदि गर्भावस्था या पिछले दस वर्षों में यह टीका न लगा हो तो शिशु जन्म के बाद जितनी जल्दी हो सके टीका लगवा लेना चाहिए ताकि उन्हें संक्रमण से सुरक्षा मिले और उनके शिशु को आगे उनसे संक्रमण न हो। टीका उन माता-पिता के लिए नि:शुल्क हैं जिनके शिशु छ: महीने से कम आयु के हैं।

शिशुओं में व्हूपिंग कफ संक्रमण मुख्यत: माता-पिता और परिवार के सदस्यों से होता है।

मैं नि:शुल्क टीका कैसे प्राप्त करूँ?

अपने डॉक्टर, ऑबस्टेट्रिशन (प्रसूति-विज्ञानी) या मिडवाइफ (दाई) से उस नि:शुल्क व्हूपिंग कफ टीके के बारे में पूछें जिसमें डिप्थीरिया और टेटनस से सुरक्षा भी शामिल है। कुछ स्थानीय काउंसिलों द्वारा नियुक्त इम्युमाइजेशन (टीकाकरण) नर्सें भी टीका उपलब्ध करा सकती हैं। सीधे अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करें या अपनी मैटर्निटी (मातृत्व) एवं बाल स्वास्थ्य नर्स से पूछें। यद्यपि टीका पात्र समूहों के लिए नि:शुल्क है, परन्तु प्रदाता टीका लगाने की सेवा के लिए शुल्क ले सकता है।

मैं कौन से दूसरे तरीकों से अपने शिशु को व्हूपिंग कफ से बचा सकता/सकती हूँ?

- अपने शिशु को हर बार समय पर टीका लगवाएँ। आपके शिशु को दो, चार और छः महीने की आयु पर टीका लगना चाहिए। पहली खुराक उनके छः सप्ताह के होने पर दी जा सकती है*।
- यह सुनिश्चित करें कि आपके सभी बच्चे पूरी तरह से प्रतिरक्षित हैं। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम (National Immunisation Program) के तहत ऑस्ट्रेलिया में सभी बच्चे नि:शुल्क टीकों के लिए पात्र हैं। वर्तमान कार्यक्रम* बच्चों को उनके चार साल के होने पर और 12-13 साल की आयु पर नि:शुल्क बूस्टर (वर्धक) खुराक उपलब्ध कराता है।
- जो लोग आपके शिशु के करीबी संपर्क में हों, उनसे कहें कि वे भी टीका लगवाएँ।
- जो लोग नवजात शिशुओं से करीबी संपर्क में हैं (उदाहरणत: शिशु के साथ घर में रहने वाले अन्य लोग, रिश्तेदार, चाइल्डकेयर [बालविहार] कर्मी) उन्हें लिए हर 10 साल बाद टीका लगाने की सलाह दी जाती है, परन्तु हो सकता है कि टीका हर बाद नि:शुल्क उपलब्ध न हो।

*1 मई 2015 को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार

मैंने सुना है कि जिन लोगों को टीका लग चुका है, वे फिर भी व्हूपिंग कफ से ग्रस्त हो सकते हैं। क्या यह सच है?

वयस्क टीका लगभग बानवे प्रतिशत प्रभावी है; इसका अर्थ यह है कि जिन लोगों को टीका लगा होता है वे फिर भी व्हूपिंग कफ से ग्रस्त हो सकते हैं। व्हूपिंग कफ रोग के फैलने की रोकथाम के लिए इसका टीका लगाना ही सबसे अच्छी उपलब्ध सुरक्षा है।

गर्भावस्था के दौरान कौन से अन्य टीकों की सलाह दी जाती है?

गर्भावस्था में किसी भी समय इन्फ्लूएंजा (फ्लू) का टीका लगाने की सलाह दी जाती है और यह गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क है।

इन्फ्लूएंजा संक्रमण गर्भवती महिलाओं में गंभीर समस्याएँ पैदा कर सकता है, जिनमें अस्पताल में उपचार की ज़रूरत शामिल हो सकती है। प्रमाण दर्शाता है कि गर्भवती होने के दौरान इन्फ्लूएंजा से सुरक्षा के लिए टीका शिशु को जन्म के पश्चात छः महीनों के लिए संरक्षण प्रदान कर सकता है।

जिन टीकों की सलाह दी गई है वे गर्भावस्था के दौरान कितने सुरक्षित हैं?

जिन टीकों की सलाह दी गई है वे गर्भावस्था और स्तनपान कराने के दौरान सुरक्षित होते हैं। व्हूपिंग कफ का टीका कई वर्षों से नियमित तौर पर युनाइटिड किंग्डम और संयुक्त राज्य अमेरिका में गर्भवती महिलाओं को लगाया जा रहा है और इसे ऑस्ट्रेलिया में सभी गर्भवती महिलाओं को लगाए जाने की सलाह दी जाती है। यु.के. और यु.एस. में किए गए विशाल स्तर के कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि इससे माताओं या शिशुओं के लिए किन्हीं प्रतिकूल परिणामों का कोई अधिक खतरा नहीं होता है।

इसी तरह, 2010 से ऑस्ट्रेलिया में गर्भवती महिलाओं को इन्फ्लूएंजा का टीका नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता रहा है और प्रत्येक गर्भावस्था में इसकी सलाह दी जाती है।

यह महत्वपूर्ण है कि गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण से संबंधित अपने द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को लेकर आप आश्वस्त महसूस करें। यदि टीके की सुरक्षा के बारे में आपके सवाल या आपकी चिंताएँ हैं तो आपका डॉक्टर या टीकाकरण प्रदाता जानकारी का एक अच्छा स्रोत होता है।

गर्भावस्था के दौरान व्हूपिंग कफ, इन्फ्लूएंजा और अन्य टीकों के बारे में मैं अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकती हूँ?

और अधिक जानकारी आपके डॉक्टर या पेशेवर नर्स; आपके ऑबस्टेट्रिशन (प्रसूति-विज्ञानी); आपकी मिडवाइफ; मैटर्निटी हॉस्पिटल (प्रसूति अस्पताल) के कमर्चारियों; आपकी मटर्निटी एवं बाल स्वास्थ्य नर्स; स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के टीकाकरण अनुभाग (Department of Health & Human Services Immunisation Section) से, 1300 882 008 पर फोन करके या निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

- www.betterhealth.vic.gov.au
- www.health.vic.gov.au/immunisation

अनुवाद

यह सूचना पत्र निम्नलिखित भाषाओं में

http://www.health.vic.gov.au/immunisation/factsheets/language.htm पर उपलब्ध है:

- अरबी
- सरलीकृत चीनी
- वियतनामी
- तुर्की
- फ़ारसी
- सोमाली
- हिन्दी।

इस दस्तावेज़ को एक सुलभ फॉर्मेट (प्रारूप) में प्राप्त करने के लिए टीकाकरण अनुभाग (Immunisation Section) को 1300 882 008 पर फोन करें। विक्टोरियाई सरकार , 1 Treasury Place, Melbourne द्वारा प्राधिकृत और प्रकाशित।

© विक्टोरिया राज्य, मई, 2015

Protect your baby by protecting yourself with a free whooping cough vaccine

Information for Victorian residents

Who is eligible for the free vaccine from 1 June 2015?

- Pregnant women in their third trimester (from 28 weeks) and their partners (who live with or will have regular contact with the baby)
- Parents of newborn babies (including adoptive parents and foster parents) born on or after 1 June 2015, (before the baby is six months old).

What is whooping cough?

Whooping cough, also known as pertussis, is a highly infectious disease that can cause a severe, persistent cough. In young babies the prolonged cough is often followed by periods of being unable to breathe and/or vomiting. Coughing can be followed by a “whooping” sound as the baby struggles to draw in air. Whooping cough is spread by coughs and sneezes from an infected person.

Severe complications such as pneumonia, convulsions, coma, and permanent brain and lung damage can occur.

Whooping cough is most serious in babies under six months of age. They are especially vulnerable to the infection and are not fully protected against whooping cough until their six-month vaccination schedule is complete.

Most deaths and hospitalisations are in babies under six months old. Some babies will suffer permanent disability from brain damage and lung damage.

Around one in every 200 babies under six months of age who catches whooping cough will die.

Why should I get the vaccine?

You should get the vaccine to protect your baby against whooping cough. Whooping cough continues to circulate in our community. Even if you were vaccinated as a child, you may no longer be protected; immunity provided by the vaccine (or by previous infection with whooping cough) fades over time.

When should I get the vaccine?

Pregnant women should get the vaccine in the third trimester of every pregnancy. A pregnant woman receiving the vaccine protects herself and passes on protective antibodies to her baby through the placenta. This means the baby is born with some immunity to whooping cough. For this reason the vaccine is recommended and free for pregnant women in every pregnancy, regardless of how long it has been since they last received the vaccine. Research suggests that the third trimester is the best time to receive the vaccine in order to pass on the best protection for the baby.

Partners of pregnant women, who have not had the vaccine in the last 10 years, should receive the vaccine while their partner is in the third trimester, to ensure they have developed immunity before the birth of their baby. The vaccine takes two weeks to work.

Parents of newborn babies should get the vaccine as soon as possible following the birth, if not vaccinated during pregnancy or in the previous ten years, to protect them from catching and passing on the infection to their baby. The vaccine is free for parents whose babies are less than six months of age.

Parents and family members are the main source of whooping cough infection in babies.

How do I get the free vaccine?

Ask your doctor, obstetrician or midwife about getting the free whooping cough vaccine which also contains protection against diphtheria and tetanus. Immunisation nurses employed by some local councils may also provide the vaccine. Contact your local council directly or ask your maternal and child health nurse. While the vaccine itself is free for eligible groups, the provider may charge a fee for delivering the vaccine.

What other ways can I protect my baby from whooping cough?

- Immunise your baby on time, every time. Your baby should receive their vaccines at two, four and six months of age. The first dose can be given as early as six weeks of age*.
- Make sure all your children are fully immunised. All children in Australia are eligible for free vaccines under the National Immunisation Program. The current program* provides free booster doses against whooping cough at four years old and 12-13 years old.
- Ask those in close contact with your baby to have the vaccine.
- For people in close contact with newborn babies (for example other people who live in the house with the baby, relatives, childcare workers) the vaccine is recommended once every 10 years, however the vaccine may not be free.

*As per the National Immunisation Program on 1 May 2015

I've heard that vaccinated people can still catch whooping cough. Is this true?

The adult vaccine is around ninety-two per cent effective; meaning that some people who are vaccinated may still catch whooping cough. The whooping cough vaccine is the best protection available to prevent the spread of this disease.

What other vaccines are recommended during pregnancy?

Influenza (flu) vaccine is recommended at any time during pregnancy and is free for pregnant women.

Influenza infection can cause serious complications in a pregnant woman, which may include the need for hospital treatment. Evidence shows that vaccination against influenza while pregnant can provide protection for the baby in the first six months after birth.

How safe are the recommended vaccines during pregnancy?

The recommended vaccines are safe during pregnancy and while breastfeeding. Whooping cough vaccine has been routinely given to pregnant women in the United Kingdom and the United States of America for several years and is recommended for all pregnant women in Australia. A number of large scale scientific studies from the UK and US have shown no increased risk of any adverse outcomes for mothers or babies.

Similarly, influenza vaccine has been provided free to pregnant women in Australia since 2010 and is recommended for every pregnancy.

It is important to be comfortable with decisions you make about vaccination during pregnancy. Your doctor or immunisation provider is a good source of information if you have questions or concerns about vaccine safety.

Where can I get further information about whooping cough, influenza and the vaccines during pregnancy?

More information is available from your doctor or practice nurse; your obstetrician; your midwife; maternity hospital staff; your maternal and child health nurse; the Department of Health & Human Services Immunisation Section, phone 1300 882 008 or the following websites:

- www.betterhealth.vic.gov.au
- www.health.vic.gov.au/immunisation/

Translations

This fact sheet is available at
http://www.health.vic.gov.au/immunisation/factsheets/language.htm
in the following languages:

- Arabic
- Simplified Chinese
- Vietnamese
- Turkish
- Farsi
- Somali
- Hindi.

To receive this document in an accessible format phone the Immunisation Section on 1300 882 008. Authorised and published by the Victorian Government, 1 Treasury Place, Melbourne.

© State of Victoria, May, 2015